तापमान
अधिकतम 37.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, रविवार 13 अप्रैल 2025





## हनुमान जयंती पर हुआ सुंदरकांड पाठ

**बलौदाबाजार।** हनुमान जन्मोत्सव पर गौरव पथ स्थित शनि देव मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर समिति के सदस्यों एवं भक्तों ने श्री हनुमान की पूजा-अर्चना कर रुद्राभिषेक, दूध, दही, घी, शक्कर पंचामृत से स्नान कराया। चोला तथा नए वस्त्र पहनाए गए, फूल माला चढ़ाया गया, हवन पूजन एवं प्रसाद वितरण भंडारा का आयोजन किया गया। समिति के सदस्यों ने मंदिर को फूलमाला और आकर्षक लाइटों से सजाया गया। श्री गौरी गणेश पूजन, कलश पूजन, घृत मात्रिका, षोडश मात्रिका, पूजन कर आरती, हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकांड का पाठ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शैलेश नितिन त्रिवेदी, अनिल साहू, लखेश साहू, सुरेंद जायसवाल, राजा तिवारी, अविनाश मिश्रा, अजय अग्रवाल, माखन वर्मा, महराज, राजेन्द्र सोनी, आर्यन साहू, अंश साहू प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### फरार आरोपियों की सूचना देने वालों को मिलेगा पुरस्कार

**बलौदाबाजार।** शुक्रवार को को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना पलारी के विभिन्न 11 मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए उद्घोषणा आदेश जारी किया गया। उद्घोषणा के अनुसार प्रत्येक प्रकरण के फरार आरोपियों के बारे में जो कोई ऐसी महत्वपूर्ण सूचना देगा या गिरफ्तारी कराएगा या गिरफ्तारी हेतु युक्तियुक्त सूचना देगा, जिससे आरोपियों को विधि पूर्व पताशाजी कर गिरफ्तार किया जा सके, उस व्यक्ति को नाम के सम्मुख दर्शाए गए नकद राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सूचना देने वाले का नाम सर्वथा गोपनीय रखा जाएगा।

### पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रान्ताध्यक्ष का निर्वाचन आज

**बलौदाबाजार।** पेंशनर्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रान्ताध्यक्ष का चुनाव 13 अप्रैल को मतदान केंद्र योग भवन पंचशील नगर बलौदाबाजार में प्रातः 10 से संध्या 5 बजे तक संपन्न होगा। प्रदेश में तहसील मुख्यालयों को मतदान केंद्र बनाया गया है। तहसील इकाई के समस्त सदस्य मतदाता हैं। बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में कसडोल, भाटापारा, बलौदाबाजार तीन मतदान केंद्र हैं। मतदान केंद्र वहीं हैं, जहां नियमित बैठकें होती हैं। समस्त सदस्यों से आग्रह पूर्वक निवेदन किया जा रहा है कि मतदान आपका कर्तव्य है और इसका निर्वाह अवश्य करें. जिलाध्यक्ष प्रो एस एम पाध्ये ने अपील की है कि आप स्वयं आएं व अपने साथ अपने साथियों को भी मतदान हेतु प्रेरित कर शत-शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य रखा गया है।

### शराब की अवैध बिक्री 6 आरोपी गिरफ्तार




**बलौदाबाजार।** थाना सिटी कोतवाली पुलिस अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले शराब कोचियों की धरपकड़ कार्रवाई लगातार जारी है। ऑपरेशन विश्वास के तहत शनिवार को थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम ने नगर में भैंसापसरा, केसरवानी मंगल भवन के पीछे, संजय कॉलोनी, ग्राम रसेड़ा एवं करमदा में घेराबंदी कर, अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले 6 आरोपी शराब कोचियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों से 45,850 कीमत मूल्य का 415 पौवा देशी मसाला शराब जब्त की गई। आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण ▶▶ शेष पेज 13 पर

# जन्मोत्सव पर जगह-जगह हुई हनुमानजी की आराधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

चैत्र मास की पूर्णिमा तिथि शनिवार को नगर में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर हनुमान भक्तों द्वारा मंदिरों के अलावा अपने घरों में विधि विधानपूर्वक संकट मोचन हनुमान की आराधना करने के अलावा भंडारा का आयोजन कर प्रसादी वितरण की गई। सुबह से लेकर देर शाम तक हनुमान मंदिरों में पूजा पाठ एवं हवन जारी रहने से पूरे नगर का नजारा धर्ममय बना रहा। धर्म के प्रति बढ़ती आस्था के चलते नगर में हनुमान जन्मोत्सव पर श्रद्धालुओं द्वारा किये जाने वाले आयोजन में साल दर साल बढ़ती भव्यता लोगों को आकर्षित एवं मुग्ध कर रही है।




शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव पर नगर के सभी हनुमान मंदिरों में फूलों से विशेष साजसज्जा करने के साथ आयोजन की शुरूवात हुई तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर अजर अमर कहलाने वाले भगवान हनुमान की गाथा एवं भजन का स्वर गुंजने का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। इस दौरान अलग-अलग समय पर भक्त नगर के प्रमुख स्थानों पर भंडारा का आयोजन कर प्रसादी के रूप में खीर, पूरी, चना-गुड़, पुलाव जैसे नाना प्रकार के व्यंजन वितरित किये गये। इस दौरान महामाया मंदिर के समीप, शनिमंदिर के समीप, हनुमान मंदिर, ज्ञान गंगा स्कूल के समीप, श्रीराम प्रिंटर्स के पास, नगर पालिका के पास, सिंधि कालोनी, गार्डन चौक, रामजानकी मंदिर आदि स्थानो पर आयोजित भंडारे में प्रसाद लेने वालों की लंबी कतार लगी रही।

### महीनों से बंद पड़े सेंटर में अब न तो कोई कामकाज हो रहा और न ही मरीजों को समय पर रक्त मिल रहा

# स्वास्थ्य केंद्र की बदहाली से आमजन की परेशानी बढ़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थित ब्लड स्टोरेज सेंटर की बदहाली ने एक बार फिर से सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत सामने ला दी है। महीनों से बंद पड़े इस सेंटर में अब न तो कोई कामकाज हो रहा है और न ही मरीजों को समय पर रक्त मिल पा रहा है। हालात इतने खराब हैं कि जरूरी मशीनें कोने में कबाड़ की तरह पड़ी हुई हैं और उन पर धूल की मोटी परत जमी है।

अगर स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन ने अब भी इस मुद्दे पर गंभीरता नहीं दिखाई, तो यह चुप्पी किसी दिन बहुत बड़ी कीमत मांग सकती है।



### लाइसेंस की मियाद खत्म मशीनें अनुपयोगी

सूत्रों के अनुसार, सेंटर का लाइसेंस कई महीनों पहले ही समाप्त हो चुका है, लेकिन उसके नवीनीकरण की प्रक्रिया आज तक पूरी नहीं की जा सकी। इस लापरवाही का खामियाजा मरीजों को उठाना पड़ रहा है। हाल ही में एक आपातकालीन स्थिति में खून की जरूरत पड़ी, लेकिन ब्लड स्टोरेज सेंटर की बंद व्यवस्था ने अस्पताल स्टाफ और मरीज के परिजनों को असहाय कर दिया।

### स्वास्थ्य विभाग की चुप्पी, मीडिया से दूरी

जब मीडिया टीम ने मौके पर जाकर स्थिति जानने की कोशिश की, तो स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों ने सेंटर का दरवाजा खोलने से इनकार कर दिया। साथ ही, तस्वीरें लेने की भी अनुमति नहीं दी गई। यह रवैया स्पष्ट करता है कि विभाग खुद भी इस स्थिति को लेकर असहज और लाचार है।

### अधिकारियों को पत्र लिखा गया है

भाटापारा के बीएमओ डॉ. राजेन्द्र माहेश्वरी ने कहा, मैंने वर्ष 2022 में पदभार ग्रहण किया था, तब से यह मशीन बंद है। सीजीएमएससी की टीम द्वारा जांच के दौरान मशीन को डिस्मेंटल लायक बताया गया था। नए मशीन के लिए उच्च अधिकारियों को पत्र लिखा गया है।

### स्थानीय लोगों में आक्रोश

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह ब्लड स्टोरेज सेंटर इसलिए शुरू किया गया था, ताकि आपात स्थिति में मरीजों को समय पर रक्त मिल सके, लेकिन आज यह केवल बंद कमरों और जर्जर मशीनों तक सिमट कर रह गया है।

### मरीजों को हो रही भारी परेशानी

ब्लड सेंटर की निष्क्रियता के चलते मरीजों को अब निजी अस्पतालों या फिर रायपुर जैसे बड़े शहरों के ब्लड बैंकों पर निर्भर रहना पड़ता है। इससे न केवल समय और धन की बर्बादी होती है, बल्कि गंभीर मामलों में देरी जानलेवा भी साबित हो सकती है।

### प्रशासन कब जागेगा

अब सवाल यह है कि क्या सिस्टम किसी बड़ी अनहोनी के इंतजार में है? क्या मरीजों की जान इतनी सस्ती हो गई है कि लाइसेंस नवीनीकरण जैसी बुनियादी प्रक्रिया को महीनों तक टाला जा सकता है?

# पेयजल की समस्या से नगरवासियों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- पाइप लाइन विस्तार का नपा अध्यक्ष ने किया भूमि पूजन


नगर पालिका क्षेत्रंतर्गत जनसामान्य एवं वार्डवासियों को पेयजल की सुविधा प्राप्त हो सके, इसके लिए पेयजल विस्तार का भूमिपूजन एवं स्थानीय मुरूम तालाब में पानी भरने से वार्डवासियों को मिलने वाली सुविधा, कार्यों का निरीक्षण किया गया। पेयजल की व्यवस्था किये जाने 15वें वित्त से पाइप लाइन विस्तार का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन के द्वारा वार्ड क्र. 1 एवं 2 में श्रीफल तोड़कर पूजा अर्चना की गई। इस भूमिपूजन पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी खिरोद्र भोई, नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेन्द्र महाले, पार्षद अमितेश नेताम व अंजनी पात्रे द्वारा भी श्रीफल तोड़कर पूजा अर्चना की गई। वार्ड में पेयजल की सुविधा का विस्तार अत्यंत आवश्यक है। पाइप लाइन विस्तार से पेयजल की सुविधा लोगों को मिलने व कार्य प्रारंभ होने पर वार्डवासियों में हर्ष ▶▶ शेष पेज 13 पर

# सिमगा अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचे भारत सरकार के संयुक्त सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- मरीजों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, भारत सरकार के संयुक्त सचिव सौरभ जैन ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिमगा का निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित सभी स्टाफ को अस्पताल में चिकित्सा सुविधा को बेहतर करने के लिए अधिकतम प्रयास करने के निर्देश दिये। उनके साथ मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छत्तीसगढ़ विजय दयाराम के., राज्य सलाहकार आनंद साहू भी थे। निरीक्षण के दौरान संयुक्त सचिव जैन ने अस्पताल के विभिन्न विभागों जैसे ओपीडी, जनरल वार्ड, प्रसव कक्ष, दन्तचिकित्सा, टीकाकरण, फिजियो थेरेपी, लैब, फार्मेसी, ओटी का जायजा लेते हुए प्रदान की जा रही सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने वार्ड में भर्ती मरीजों का कुशलक्षेम भी पूछा। अस्पताल में चल रहे राष्ट्रीय कार्यक्रमों जैसे कुष्ठ, टीबी, एनसीडी, एचआईवी के मरीजों के उपचार, उनकी दवाई सप्लाई, फॉलोअप की व्यवस्था, रिपोर्टिंग और फील्ड स्तर पर जांच उपचार के सम्बंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में कुष्ठ के मरीजों के लिए आयोजित पीओडी प्रिवेंशन ऑफ डिसएबिलिटी कैम्प को भी देखा, जिसमें मरीजों ▶▶ शेष पेज 13 पर



### मरीजों को फूड बास्केट भी दिया गया

टीबी मरीजों को प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत निक्षय मित्र अंतर्गत फूड बास्केट भी दिया गया। साथ ही अस्पताल आये हुए चिरायु द्वारा उपचारित सीएचडी और कॉकलियर इम्प्लांट के चार बच्चों और उनके पालकों से भी श्री जैन ने भेंट कर उपचार के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान एसडीएम अंशुल वर्मा, सीएमएचओ डॉ. राजेश कुमार अवस्थी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सृष्टि मिश्रा, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. पारस नाथ पटेल सहित सिमगा अस्पताल के चिकित्सक तथा अन्य स्टाफ उपस्थित थे।

### द्वितीय चरण में 12 अप्रैल से 4 मई तक आवेदनों का होगा निराकरण

# मांग और शिकायत के मिले 2 लाख से अधिक आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सुशासन तिहार के प्रथम चरण अंतर्गत 8 से 11 अप्रैल के दौरान जिले से मांग व शिकायत से सम्बंधित कुल 219610 आवेदन प्राप्त हुए हैं। प्राप्त आवेदनों में 199672 ग्रामीण एवं 19938 शहरी क्षेत्र के हैं जिसमें 214671 मांग एवं 4939 शिकायत से सम्बधित आवेदन शामिल हैं। द्वितीय चरण में इन आवेदनों का निराकरण करना होगा। कलेक्टर दीपक सोनी ने शनिवार को एसडीएम, जनपद सीईओ, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं नोडल अधिकारियों की ऑनलाइन बैठक लेकर आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिये। कलेक्टर ने कहा कि 12 अप्रैल से सुशासन तिहार का द्वितीय चरण शुरू हो गया है, जो 4 मई तक चलेगा, इसमें प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि प्राप्त आवेदनों में प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन योजना, पेंशन, खाद्य विभाग से सम्बधित अधिक हैं। सभी विभाग आवेदनों के गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए मानक प्रक्रिया तैयार करें। सभी आवेदनों को उसी मानक प्रक्रिया के अनुसार निराकरण 4 मई तक सुनिश्चित करें।




### समाधान शिविर की तैयारी की समीक्षा

उन्होंने कहा शिकायत से सम्बन्धित आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए उपयुक्त निराकरण करें। सुशासन तिहार के अंतिम चरण अंतर्गत आयोजित होने वाले समाधान शिविर की तैयारी की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रत्येक विकासखंड में लगभग 10-10 समाधान शिविर आयोजित किया जाना है। समाधान शिविर के लिए चयनित ग्राम पंचायत के एसडीएम एवं जनपद सीईओ दौरा करें और वहां की मूलभुत समस्याओं का समाधान करें। इसी तरह शिविर अंतर्गत क्लस्टर के ग्राम पंचायतों एवं क्लस्टर में शामिल ग्राम पंचायत के नजदीकी ग्राम पंचायतों की समस्याएं भी दूर करें। कलेक्टर ने 12 अप्रैल से 31 मई तक चलने वाले सुशासन संध्या चौपाल में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने कहा।



# 22 सौ घर पीएम सूर्य योजना से रोशन, 38 हजार कतार में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से प्रदेश के 22 सौ घर रोशन हो गए हैं। अभी 38 हजार उपभोक्ता कतार में हैं। इसमें और बूम आने की संभावना है, लेकिन फिलहाल केंद्र सरकार के पोर्टल में कुछ तकनीकी खराबी के कारण आवेदन करने में परेशानी हो रही है। इसको ठीक करने का काम चल रहा है।

इधर अब योजना में प्रदेश सरकार भी सब्सिडी देने की तैयारी कर रही है। इसके लिए बजट में दो सौ करोड़ का प्रावधान भी हो गया है। कितने किलो वॉट तक कितनी सब्सिडी देनी है, इसकी जानकारी सामने आने के बाद आवेदनों की संख्या में और इजाफा होगा। 2027 तक प्रदेश में 1.30 लाख घरों को रोशन करने का लक्ष्य है। केंद्र सरकार ने घरों की छतों पर बिजली उत्पादन की योजना बनाई है। देशभर में एक करोड़ से ज्यादा घरों की छतों पर बिजली उत्पादन का लक्ष्य सोलर पैनल के माध्यम से रखा गया है। इसके लिए केंद्र सरकार की तरफ से सब्सिडी भी मिल रही है। हर राज्य के लिए अलग-अलग लक्ष्य रखा गया है। जहां पर छत्तीसगढ़ का सवाल है तो यहां के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने 2027 तक के लिए सवा लाख से ज्यादा का लक्ष्य रखा है, लेकिन इससे ज्यादा घरों को रोशन करने की योजना है।

हरिभूमि सरोकार

## अब प्रदेश सरकार भी सब्सिडी देने की तैयारी में

### कितने किलोवाट पर कितना खर्च

योजना के लिए तीन सौ से ज्यादा वेंडर तय किए गए हैं। भारत सरकार द्वारा तो प्रति किलोवाट के लिए 50 हजार रुपए तय है, लेकिन अलग-अलग वेंडरों का रेट अलग-अलग होने पर एक किलोवाट पर करीब 70 हजार दो किलोवाट पर 1.20 लाख और तीन किलोवाट पर 1.75 लाख का खर्च लग जाता है।




### हर आय वर्ग को सब्सिडी

पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है योजना में हर आय वर्ग के लोग सोलर पैनल लगाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसमें कोई आय सीमा तय नहीं है। हर आय वर्ग वालों को सब्सिडी भी मिलेगी। इसमें केंद्र सरकार से एक किलोवाट पर 30 हजार, दो किलोवाट पर 60 हजार और तीन किलोवाट पर 78 हजार की सब्सिडी मिल रही है।

### अब आवेदनों की बाढ़

प्रदेश में इस योजना में बीते साल अप्रैल से सितंबर तक महज सात हजार आवेदन ही आए थे। कम आवेदनों के कारण पॉवर कंपनी ने इस मामले में गंभीरता से ध्यान दिया और इस योजना की जानकारी देने के लिए शिविर लगाने का भी काम किया है। इसका परिणाम यह हुआ है अब 38 हजार आवेदन आ गए हैं। फरवरी में आवेदन करने के लिए केंद्र सरकार ने एक नया पोर्टल लांच किया है। इस पोर्टल में तकनीकी खराबी के कारण आवेदन करने में परेशानी हो रही है। इसके कारण आवेदन करने की रफ्तार धीमी हो गई है।

## खबर संक्षेप



### केंद्रीय संयुक्त सचिव ने किया अस्पतालों का दौरा

**रायपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली से, छत्तीसगढ़ दौरे पर आए संयुक्त सचिव (पॉलिसी) सौरभ जैन ने विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं का निरीक्षण कर रहे हैं। शुक्रवार 11 अप्रैल को वे जिला अस्पताल पंडरी, यूपीएससी राजातालाब एवं पीएससी मंदिर हसौद का निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा अस्पताल में दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं, संस्था की साफ सफाई, बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, इनफेक्शन कंट्रोल, कर्मचारियों का हेल्थ चेकअप और स्वच्छता एवं अन्य समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों की जानकारी ली गई। साथ ही स्वास्थ्य संस्थानों में निरीक्षण के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान सीएमएचओ डा. मिथिलेश चौधरी, सिविल सर्जन डा. एसके भंडारी मौजूद थे।

### ज्ञानदीप विद्या मंदिर में दीक्षांत समारोह का आयोजन



**रायपुर।** ज्ञानदीप विद्या मंदिर में शुक्रवार को भव्य दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि राजेश कुमार के आगमन और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। डायरेक्टर बीटी कुमार, माधवी ने कक्षा पीपी 2 के छात्रों को उनकी कड़ी मेहनत और शैक्षणिक योग्यता के लिए प्रमाण पत्र वितरित किया। नर्सरी तथा पीपी 1 के छात्रों द्वारा सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य डी सुनीता राव ने अपने प्रेरक संबोधन में छात्राओं उज्जवल भविष्य की कामना की।

### महापौर ने शहीद राजीव पांडेय को दी पुष्पांजलि



**रायपुर।** विश्व की सबसे दुर्गम सैन्य चोटी सियाचिन ग्लेशियर पर तिरंगा फहराने वाले शहीद राजीव पांडेय की जयंती पर शुक्रवार को महापौर मीनल चौबे ने उन्हें याद करते हुए उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया। शहर के संजय नगर टिकरापारा में स्थित उनकी मूर्ति के समक्ष नगर निगम संस्कृति विभाग के तत्वावधान में पुष्पांजलि कार्यक्रम रखा गया था। इस कार्यक्रम में संस्कृति विभाग के अध्यक्ष अमर गिदवानी, जोन 6 अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता, जोन कमिश्नर रमेश जायसवाल सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### विरोध प्रदर्शन को सीजीडीएफ का समर्थन

**रायपुर।** जांजगीर जिला अस्पताल के सिविल सर्जन के खिलाफ चिकित्सकीय स्टाफ द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शन को छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन द्वारा समर्थन दिया गया है। अध्यक्ष डा. हीरा सिंह ने कहा कि फेडरेशन चिकित्सकीय स्टाफ के साथ है। उन्होंने चिकित्सकों से कहा कि दूसरे जिले से अगर किसी चिकित्सक की ड्युटी जांजगीर जिले में लगाई जाती है तो वे भी चिकित्सकीय स्टाफ के समर्थन में खुद को सेवा से अलग रखे।

### कलेक्टर ने की कृषि विभाग कार्यों की समीक्षा

**रायपुर।** कलेक्टर गौरव कुमार सिंह ने शुक्रवार को कलेक्टोरेट स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने विभाग के अधिकारियों से जिले में चल रहे कृषि योजनाओं की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को कहा कि फसल चक्र परिवर्तन के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने से लेकर खाद-बीज का अग्रिम उठाव का लक्ष्य तय करने, फसल बीमा लेने किसानों को प्रोत्साहित करने और उद्यानिकी फसलों में नवाचार करने निर्देशित किया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन ने कहा कि जिले के नर्सरी को गुणवत्तापूर्ण बनाते हुए आत्मनिर्भर बनाएं ताकि वे लाभ अर्जित कर सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया ।

## उप मुख्यमंत्री ने की नगरीय प्रशासन विभाग के कार्यों की समीक्षा

# एक्शन-प्लान बनाकर नगरीय निकायों के अधूरे काम समय पर करें पूरा : साव

नालंदा परिसरों और अटल परिसरों का निर्माण तेजी से करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने विभागीय कामकाज की समीक्षा की। उन्होंने रायपुर के सिविल लाइन स्थित नीर भवन में आयोजित बैठक में नगरीय निकायों में प्रगतिरत एवं अपूर्ण कार्यों को एक्शन-प्लान बनाकर समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न शहरों में निर्माणाधीन नालंदा परिसरों तथा अटल परिसरों के निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. और संचालक आर. एक्का भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

### बदलनी है शहरों की सूरत और सीरत

उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने नगरीय प्रशासन विभाग के अधिकारियों से कहा कि हमें शहरों की सूरत एवं सीरत को बदलना है। नगरीय प्रशासन की व्यवस्था व्यवस्थित शहर के मापदंडों के अनुरूप हो, इसके लिए हमें आगे बढ़कर काम करने की आवश्यकता है। नगरीय प्रशासन की टीम अच्छा काम करेगी, तो कार्यों का क्रियान्वयन भी धरातल पर दिखेगा। उन्होंने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप शहरों के विकास में अपने अनुभव का पूरा उपयोग करें। आपके अनुभव का पूरा लाभ शहरवासियों को मिलना चाहिए। विभाग का काम एक मिसाल के तौर पर स्थापित हो, यह मेरी आप लोगों से अपेक्षा है।



*अधूरे कार्यों पर जताई नाराजगी : उप मुख्यमंत्री श्री साव ने बैठक में नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा संचालित केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओं के साथ ही नगरीय निकाय चुनाव में जारी घोषणा पत्र, निकायों के कामकाज तथा विधानसभा में दिए गए आश्वासनों पर विभागीय कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने विभिन्न नगरीय निकायों में अपूर्ण और लंबित कार्यों पर नाराजगी जाहिर करते हुए इन कार्यों की पूर्णता की समय-सीमा तयकर एक्शन प्लान बनाकर निर्धारित समयावधि में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। श्री साव ने अटल परिसरों के निर्माण की असंतोषजनक प्रगति पर भी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने इसमें विलंब करने वाले निकायों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। श्री साव ने विधानसभा में प्रस्तुत सीएजी रिपोर्ट एवं उनकी अनुशंसा के अनुसार यथोचित कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने नगरीय निकायों के विद्युत देयकों का भुगतान 15वें वित्त आयोग के अनटाइड फंड से करने तथा निकायों में एनर्जी ऑडिट करने के भी निर्देश दिए।*

*जल प्रभारी को नोटिस : श्री साव ने आमदी नगर पंचायत में दूषित पेयजल आपूर्ति की शिकायत पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं जल प्रभारी को नोटिस जारी करने के निर्देश बैठक में दिए। सुडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शशांक पाण्डेय, अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी दुष्यंत कुमार रायस्त, नगरीय प्रशासन विभाग के अपर संचालक पुलक भट्टाचार्य, मुख्य अभियंता राजेश शर्मा, सुडा के उप मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील अग्रहरि, सचित साहू एवं उप महाप्रबंधक रमेश सिंह सहित नगरीय प्रशासन विभाग एवं सुडा के अधिकारी समीक्षा बैठक में मौजूद थे।*

### साव बोले- सड़कें टिकाऊ हों और बार-बार मरम्मत की जरूरत न पड़े

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नए कार्यों के साथ ही सड़कों की मरम्मत की गुणवत्ता पर भी खास ध्यान देने को कहा, ताकि सड़कें टिकाऊ हों और बार-बार मरम्मत की जरूरत न पड़े। उन्होंने अधिकारियों को अपने दायित्वों का निर्वहन गंभीरता और सक्रियता से करने के निर्देश देते हुए कहा कि वे किसी भी कार्य या कार्यालय के औचक निरीक्षण के लिए किसी भी दिन पहुंच सकते हैं। विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों के परिणाम धरातल पर दिखने चाहिए। श्री साव ने यह बात लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने राजधानी रायपुर के नवीन विश्राम भवन में आयोजित बैठक में प्रदेशभर में चल रहे सड़क, पुल-पुलिया, भवन निर्माण एवं सड़क मरम्मत के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने विभाग के कार्यों में कसावट लाने के साथ ही निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, समय-सीमा में काम पूरा करने और प्रभावी कार्य पद्धति अपनाने पर जोर दिया। सूत्रों के अनुसार, समीक्षा के दौरान यह जानकारी भी सामने आई कि 130 सड़कों के निर्माण में गुणवत्ता कमजोर है। इन सड़कों का गुणवत्ता परीक्षण 72 घंटे में करने के लिए कहा गया है।

**हर हफ्ते करें कार्यों की समीक्षा** : उप मुख्यमंत्री श्री साव ने लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्माण कार्यों की प्रगति की हर सप्ताह समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों को फील्ड पर उतरकर कार्यों पर कड़ी नजर रखने तथा अच्छी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में करने को कहा।

## जिलाध्यक्ष ने 61 पदाधिकारियों को हटाया, 16 को नोटिस, कहा- एनएसयूआई मस्ती का मंच नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- कांग्रेस में निष्क्रिय पदाधिकारियों को हटाने की कवायद शुरू
- एनएसयूआई से शुरुआत, पहली बार इतनी बड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई

एनएसयूआई में बड़ी अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए 61 पदाधिकारियों को उनके पद से हटा दिया गया है। इसके अलावा रायपुर जिले के 16 पदाधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष शांतनु झा द्वारा यह कार्रवाई की गई है। छात्र संगठन का कहना है कि यह कार्रवाई उन पदाधिकारियों पर की गई है जो संगठनात्मक गतिविधियों से लंबे समय से दूरी बनाकर निष्क्रिय बने हुए थे। जिलाध्यक्ष ने जानकारी देते हुए बताया, कुछ पदाधिकारियों को तत्काल प्रभाव से पद से मुक्त किया गया है, जबकि कुछ को अंतिम अवसर देते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। यह कार्यवाही न तो व्यक्तिगत है और न ही भावनात्मक। यह पूरी तरह संगठन की गरिमा, अनुशासन और सक्रियता के आधार पर की गई है। हटाए जाने वाले पदाधिकारी उपाध्यक्ष, सचिव, सह सचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों पर थे।

### किए जाएंगे बड़े बदलाव

आने वाले समय में संगठन के भीतर और भी बड़े बदलाव किए जाएंगे, जिससे एनएसयूआई एक अनुशासित, सक्रिय और विचारशील इकाई के रूप में खड़ा हो सके।

- **शांतनु झा,** जिलाध्यक्ष, एनएसयूआई

## रेलवे में पहली बार जनदर्शन : यात्रियों ने उठाए मुद्दे कार्य में कोताही पर अधिकारी ने लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- रायपुर व दुर्ग स्टेशन पर रेलवे स्टेशन व ट्रेन में होने वाली समस्याओं को दूर करने अधिकारियों ने यात्रियों की सुनी

यात्रियों को होने वाली समस्याओं के समाधान के लिए पहली बार शुक्रवार को रायपुर और दुर्ग में जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने यात्रियों, वेंडर्स, कुलियों और पार्सल लीज होल्डर्स से उनके अनुभव और समस्याएं सुनीं। इस दौरान यात्रियों ने स्टेशन पर मोबाइल चोरी की घटनाओं में वृद्धि की शिकायत की। आवेदक ने दो मोबाइल चोरी की घटनाओं का भी उल्लेख किया। इस पर सीनियर डीसीएम ने तुरंत संज्ञान लेते हुए आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया।

उन्होंने डार्क एरिया में सीसीटीवी कैमरे लगाने, ट्रेनों में आरपीएफ और जीआरपी की गश्त बढ़ाने और टीटीई स्टाफ को चोरियों के प्रति सतर्क रहने की दिशा में कार्रवाई करने के निर्देश दिए। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने सभी समस्याओं को गंभीरता से लिया और यात्रियों की सुरक्षा व सुविधा को प्राथमिकता देने के लिए तत्काल सुधारात्मक उपायों की आवश्यकता जताई।

### नियमों का सख्ती से पालन कराने की मांग

जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक अवधेश कुमार त्रिवेदी ने यात्रियों की शिकायतें और सुझावों को ध्यान से सुना और इन्हें कागज पर नोट किया। यात्रियों ने स्टेशन और ट्रेनों में सफाई की नियमित व्यवस्था सुनिश्चित करने, महिला प्रतीक्षालय में पुरुषों के बैठने की समस्या को लेकर सख्ती से पालन कराने की मांग की। यात्रियों का कहना था कि रेलवे ने महिलाओं के लिए अलग से बैठने की व्यवस्था की है, लेकिन पुरुषों द्वारा इस जगह पर बैठने की घटनाएं बढ़ गई हैं, जिससे महिलाओं को असुविधा होती है। इसके समाधान के लिए आरपीएफ को कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।



### सभी रूट में थर्ड जेंडर करते हैं परेशान

यात्रियों ने ट्रेनों में सफर के दौरान थर्ड जेंडर से होने वाली परेशानियों का मुद्दा भी उठाया, जो कि सभी रूट की ट्रेनों में सामान्य समस्या बन गई है। साथ ही, स्टेशनों और ट्रेनों में नियमित सफाई की भी आवश्यकता जताई गई। पेयजल की व्यवस्था, खानपान सेवाओं की गुणवत्ता, और अन्य सुविधाओं पर भी चर्चा की गई, ताकि यात्रियों को बेहतर सेवा मिल सके। कार्यक्रम के दौरान इन सभी मुद्दों को गंभीरता से लिया गया और उन्हें जल्द सुधारने के लिए ठोस कदम उठाने का आश्वासन दिया गया।

### शिकायत भी, अधिकारी ने लगाई डांट

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक ने यात्रियों को आश्वस्त किया, उनकी शिकायतों पर गंभीरतापूर्वक विचार कर तत्काल आवश्यक कदम उठाएं। संबंधित अधिकारियों से तुरंत वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। कार्य में कोताही के लिए संबंधितों को डांट भी लगाई। उन्होंने बताया कि रेलवे यात्रियों की संतुष्टि के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस तरह के जनदर्शन कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे।

## अवैध कब्जे हुए तो जोन कमिश्नर सहित ईई-एई को देना होगा जवाब

- विधायक राजेश मूणत ने की पार्षदों की मौजूदगी में 20 वार्डों के कामों की समीक्षा
- अवैध प्लाटिंग पर विशेष नजर रखें- मीनल चौबे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर पश्चिम विधायक राजेश मूणत ने शुक्रवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के 20 वार्डों के कार्यों की समीक्षा की। इसके लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय आडिटोरियम में सभी वार्ड के पार्षदों सहित नगर निगम की महापौर मीनल चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौड़, नेता प्रतिपक्ष संदीप साहू, आयुक्त विश्वदीप सहित एमआईसी सदस्य भी मौजूद रहे।

बैठक में उन्होंने दो टूक में कहा कि किसी भी वार्ड में अवैध कब्जा होता है, तो इसका जवाबदेह जोन कमिश्नर के साथ उस क्षेत्र के कार्यपालन अभियंता और सहायक अभियंता होंगे, जिसका उन्हें जवाब देना होगा। इस बैठक में महापौर मीनल चौबे ने भी कहा कि अवैध प्लाटिंग पर विशेष नजर रखें और तत्काल रोक लगाते हुए कार्रवाई करें।

### पेजयल-सफाई पर प्राथमिकता से करें कार्य

विधायक राजेश मूणत ने बैठक में सफाई व्यवस्था सुधारने एवं पेयजल आपूर्ति सुगमता हो। इसे प्राथमिकता बनाकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि सफाई के कार्य से जुड़े कर्मचारियों की बायोमेट्रिक अटेंडेंस सहित उनके द्वारा किये गये कार्यों की जानकारी विवरण फोटो प्रमाण सहित रखना सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने निजी कालोनियों एवं बिल्डरों के आवासीय परिसरों के रहवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने योजनाबद्ध तरीके से नीति तैयार करने कहा है।

### जोन प्लान बनाने दिए निर्देश

विधायक ने शहर में जोन प्लान बनने पर जोर दिया। इस प्लान से शहर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाने की परिकल्पना साकार करने के कार्य में तेजी आएगी। उन्होंने अवैध अतिक्रमण और अवैध प्लाटिंग पर लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई करने निर्देश दिए। उन्होंने जोन कमिश्नरों एवं अधिकारियों को अवैध पार्किंग पर कार्रवाई करने एवं गोडाउन बनाकर रखे पार्किंग क्षेत्रों को गोडाउन हटाकर कब्जामुक्त कराने के भी निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पिछले वर्ष में स्वीकृत कार्यों में जो अब तक अपूर्ण हैं, उन्हें 15 जून तक पूर्ण करने के लिए कहा है।





### इन मार्गों को विकसित करने दिए सुझाव

राजेश मूणत ने बैठक में जीई मार्ग, कोटा मुख्य मार्ग, आमानाका रोड, केनाल लिंकिंग रोड, खालबाड़ा से अशोक नगर जाने वाले मार्ग, डंगनिया मार्ग को स्मार्ट रोड की तरह विकसित करने जनहित में सुझाव भी दिए। उन्होंने यह भी कहा कि इन मार्गो को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्तकर और पार्किंग की व्यवस्था कर स्मार्ट रोड बनाया जाए।

### बूढ़ातालाब में गुमटियों के निर्माण पर रोक लगाकर करें कार्रवाईः चौबे



महापौर मीनल चौबे ने बैठक में गर्मी में वार्डों में जल संकट को गंभीरता लेते हुए सभी वार्डों में जल संकट का निदान करने अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। महापौर ने बूढ़ातालाब में हो रहे 100 गुमटियों के निर्माण को लेकर नाराजगी जताई। उन्होंने, अधिकारियों को कहा कि इस पर तत्काल रोक लगाकर कड़ी कार्रवाई करें।

## रायपुर निवासी मास्टर माइंड दुबई में बैठकर देश के साथ अन्य देशों में कर रहा था ठगी

# साइबर क्राइम का हब बन रहा छत्तीसगढ़ ओडिशा में 10 धरे गए, सात छत्तीसगढ़ के

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

साइबर ठगी के मामले में छत्तीसगढ़ एक बड़ा हब बन गया है। राज्य के अलग-अलग जिलों में हजारों की संख्या में म्यूल अकाउंट ऑपरेट हो रहा है। इसी तरह छत्तीसगढ़ सहित देश के अलग-अलग राज्यों में राज्य के जालसाज साइबर ठगी की घटना को अंजाम दे रहे हैं। ओडिशा पुलिस ने साइबर ठगी के एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए 10 जालसाजों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में सात आरोपी छत्तीसगढ़ के हैं। जालसाजी गिरोह का मास्टर माइंड रायपुर निवासी है, जो दुबई में बैठकर देश के साथ अन्य देशों के लोगों को ठगी का शिकार बनाने का काम कर रहा था। ओडिशा, राउरकेला पुलिस ने भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आइ4सी), एमएचए के समन्वय पोर्टल के माध्यम से साइबर ठगी के मामले में ठगी के मास्टर माइंड मोवा, अवनी विहार निवासी किशन अग्रवाल सहित 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के 23 बैंक अकाउंट में जमा एक करोड़ 41 लाख रुपए फ्रीज कराने के साथ पौने दो सौ बैंक अकाउंट की पुलिस जांच कर रही है। आरोपियों के कब्जे से ओडिशा पुलिस ने भारी संख्या में फर्जी सिम कार्ड के साथ एटीएम, मोबाइल, लैपटॉप जब्त किया है। पुलिस ने ऐसे खाताधारकों को भी गिरफ्तार किया है, जो एक दिन में 50 लाख रुपए से ज्यादा का बैंक लेन-देन करते थे। पुलिस ने ठगी के आरोप में जिन लोगों को गिरफ्तार किया है ।



### छत्तीसगढ़ के इन सात लोगों की गिरफ्तारी

ओडिशा पुलिस ने किशन अग्रवाल के साथ रायपुर निवासी कुणाल अग्रवाल, जशपुर निवासी गिरधारी सिंह, कोरबा निवासी अजय कुमार, बलौदाबाजार निवासी संदीप सोनी, जांजगीर-चांपा निवासी सौमेंद्र सिंह राजपूत, दिनेश कुमार साहू तथा सारंगढ़ निवासी अभिजीत भारद्वाज को गिरफ्तार किया है।

## बंद होगा दवाओं में छूट का प्रलोभन, विज्ञापन करने पर फार्मासिस्ट का पंजीयन निलंबित

**रायपुर।** आपसी प्रतिस्पर्धा की वजह से दवाओं की कीमतों में छूट का विज्ञापन करना फार्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन के खिलाफ है। छत्तीसगढ़ फार्मेसी काउंसिल ने ऐसी प्रक्रियाओं पर रोक लगाने का सर्कुलर जारी किया है। चेतावनी दी गई है कि जांच में अगर शिकायत सही पाई जाती है, तो दुकान संचालक का फार्मासिस्ट पंजीयन निलंबित किया जा सकता है। इसके अलावा प्रदेश के सबसे बड़े फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने विज्ञापन करने वालों की शिकायत मांगी है। जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र और तेलंगाना के फार्मेसी काउंसिल एवं खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने दवाओं की कीमतों में छूट देने किए जाने वाले विज्ञापन पर रोक लगा रखी है। इसी आधार पर पिछले दिनों छत्तीसगढ़ स्टेट फार्मेसी काउंसिल द्वारा सभी फार्मासिस्टों को एडवाइजरी जारी की गई है। बताया गया है कि दवाओं की कीमतों में छूट दिए जाने का विज्ञापन फार्मेसी प्रैक्टिस रेगुलेशन फार्मेसी एक्ट 1948 के तहत स्थापित नियम है, जिसे वर्ष 2015 से पूरे देश में लागू किया गया है। काउंसिल के रजिस्ट्रार अश्विनी गुर्देकर द्वारा तर्क दिया गया है छत्तीसगढ़ में भी इस दवा में छूट का प्रलोभन देना या किसी प्रकार का प्रचार-प्रसार करना गलत है। इस तरह की शिकायत मिलने पर दवा दुकान के पंजीकृत फार्मासिस्ट का पंजीयन निरस्त करने के साथ ड्रग लाइसेंस रद्द कराने की कार्रवाई की जाएगी। फार्मेसी काउंसिल के अलावा राज्य के इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन (आईपीए) द्वारा अपने सदस्यों से ऐसी हरकतों से दूर रहने कहा है, साथ ही प्रचार-प्रसार करने वाले दवा दुकान संचालक की शिकायत करने की अपील की है।

## खबर संक्षेप



### परिवार के बच्चों और सदस्यों को संस्कारवान बनाएंः अशवंत साहू

**महासमुंद।** महासमुंद विधानसभा क्षेत्रांतर्गत ग्राम कांपा में भक्त माता कर्मा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जयंती में शामिल हुए भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने कहा कि माता भक्त कर्मा का जीवन हम सभी को मार्गदर्शन प्रदान करता है। इस अवसर पर समाज की वर्ष भर की संपूर्ण गतिविधियों की समीक्षा की जानी चाहिए और जिन क्षेत्रों में समाज एवं समाज के लोग आगे बढ़े हैं, उन्हें रेखांकित किया जाना चाहिए।

### सोनदादर के जलज का एनडीए में हुआ चयन

**बागबाहरा।** ग्राम सोनददार



बागबाहरा के होनहार छात्र जलज चंद्राकर का प्रतिष्ठित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) में चयन हुआ है। जलज, सोनदादर निवासी मनोज चंद्राकर और राधा चंद्राकर के सुपुत्र है। उन्होंने प्राथमिक शिक्षा कार्मेल कॉन्वेंट बागबाहरा इसके बाद माध्यमिक शिक्षा सैनिक स्कूल अंबिकापुर से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी की और हमेशा एक मेधावी छात्र रहे हैं। उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ-साथ, जलज खेलकूद और अन्य पाठ्येतर गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से भाग लेते रहे हैं।

### परसुली में नवनिर्मित भवन का लोकार्पण समारोह आज

**नर्रा।** कोसरिया मरार पटेल समाज नर्रा के अतर्गत ग्राम परसुली में विधायक मद से 5.00 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण कार्यक्रम आज होने जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि द्वारिकाधीश यादव विधायक खल्लारी होंगें। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता पुरुषोत्तम पटेल अध्यक्ष नर्राराज करेंगे। विशेष अतिथि के रूप में क्षेत्र के जनपद सदस्य लोचन पटेल एवं अति विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में सरपंच जलसिंह चक्रधारी, ग्राम पं. परसुली सरपंच प्रभा परमेश्वर पटेल, ग्राम पंचायत परकोम पूर्व सरपंच मोतिन आनंद चक्रधारी, परसुली पूर्व जनपद सदस्य उमेश जैन नर्रा एवं पूर्व सरपंच किशोर चतुर्वेदी ग्रा. पं परकोम आदि होंगे।

## पेज 11 के शेष

### पेयजल की समस्या...

व्याप्त है व वार्डवासियों ने परिषद के कार्यों की सराहना की। पाइप लाइन विस्तार भूमिपूजन के पश्चात स्थानीय मुरूम तालाब में पानी भरने का कार्य भी प्रारंभ किया गया है, जिससे वार्ड में भूमिगत जल स्तर में वृद्धि होगी। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन एवं पार्षदगणों ने इस दौरान मुरूम तालाब क्षेत्र का अवलोकन भी किया। भूमिपूजन एवं मुरूम तालाब निरीक्षण के दौरान पार्षद रेखा–पोषण पटेल, डिगेश्वरी–रविन्द्र नामदेव, गौतम चौहान, सुरेश घृतलहरे पूर्व पार्षद गोविंद पात्रे, नितेश शर्मा, उपअभियंता कमलेश्वरी गुरूपंचायन, ध्यानु गुप्ता, प्रसुन शर्मा, जितेन्द्र सोनी, प्रसन्न दीवान, आनंद साहू, रविन्द्र नामदेव, विशाल पाड़े, गुरूदत्त तिवारी सहित अन्य नागरिक एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

### शराब की अवैध...

पंजीबद्धकर, आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में सरोज भारती 42 साल भैंसापसरा, सुशील भारती 22 साल भैंसापसरा, जगदेव जायसवाल उर्फ भीमा 36 वर्ष ग्राम रसेड़ा, भोलाराम सोनी 54 वर्ष केसरवानी मंगल भवन के पीछे बलौदाबाजार, गौरव सेन 37 वर्ष संजय कॉलोनी बलौदाबाजार और हरि नारायण खूंटे 39 साल ग्राम करमदा शामिल हैं।

### सिमगा अस्पताल ...

को जल, तेल उपचार के माध्यम से स्वयं से देखभाल करना सिखाया जा रहा था। कैम्प में मरीजों को छाता और एमसी आर चप्पल भी वितरित किया गया।

---

**लापरवाही :** गड्ढे बने जानलेवा, मरम्मत कराने प्रशासन गंभीर नहीं

# सरसीवां से सरायपाली मुख्य मार्ग बदहाल

हरिभमि न्यूज ▶▶| मुड़पार-सरसीवां



जिला मुख्यालय से महज 15 किमी में सरसीवां से सरायपाली जाने वाले मुख्य सड़क की स्थिति बेहद खराब हालत में है। इस मार्ग से शासन प्रशासन का आना जाना भी हो रहा है, इसके बावजूद इसे लोक निर्माण विभाग बनाना जरूरी नहीं समझ रहा है। लोगों के मन में सवाल उठ रहा है कि शासन प्रशासन और विभाग इस ओर ध्यान क्यों नहीं दे रहा है। इस मार्ग के रहवासी गर्मी में धूल के गुब्बारों से और बारिश में कीचड़ से परेशान हैं। इस मार्ग में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक के सामने और मुड़पार, बिलासपुर, टाटा, मनपसार, गाताड़ीह मार्ग से लेकर पूरे सरायपाली जाने तक बड़े बड़े जानलेवा गड्ढे निर्मित हो गए हैं, जिससे लोगों को आने जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और इन गड्ढों से आए दिन राहगीर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। सड़क की दुर्दशा पर बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन ने बताया कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार जनता की मूलभूत सुविधाओं और समस्याओं से भूलकर मात्र कुर्सी हथियाने में लगी हुई है। यदि भाजपा की डबल इंजन की सरकार और इनके प्रतिनिधियों को जरा भी चिंता होती तो ये समस्या नहीं होती। विभाग प्रमुख को चाहिए कि ऐसे जानलेवा गड्ढे को तत्काल भरना चाहिए, जिससे लोगों को परेशानी न हो। इस मामले पर सारंगढ़ जिला कांग्रेस अध्यक्ष ताराचंद देवांगन ने कहा कि जिला के करीब होने के बाद भी ऐसी समस्या पाया जाना गंभीर मामला है इस पर प्रशासन और विभाग को तत्काल ध्यान देते हुए सरसीवां से सरायपाली मुख्य मार्ग का निर्माण किया जाना चाहिए, यह मार्ग पूरी तरह से जर्जर हो चुका है। फिरहाल जानलेवा गड्ढे को तत्काल भरना चाहिए। विभाग के ईई पी एल पैकरा से जानकारी ली तो अनभिज्ञता जाहिर करते हुए जल्द सुधरवाने की बात कही।

#### दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं लोग

इसी मार्ग पर पेट्रोल पंप, सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल और जिला सहकारी केंद्रीय मर्यादित बैंक भी स्थित है। विवाह लगन का समय है, लोगों का आना जाना जोरो पर है, लोग इन गड्ढों से दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं और विभाग के अफसर कुंभकर्णी नींद में सो रहे हैं। अंचल के लोगों का कहना है कि डबल इंजन की सरकार होने के बाद भी लोगों को ऐसी गड्ढों की सड़क पर चलने मजबूर होना पड़ रहा है, जबकि नया जिला भी करीब है, इसके बाद भी विभाग द्वारा नजर अंदाज करना लापरवाही और उदासीनता प्रदर्शित हो रही है।

---

## नवीन पूर्व माध्यमिक शाला में समर कैंप का शुभारंभ



**अर्जुनी।** शासकीय नवीन पूर्व माध्यमिक शाला मिरगी में 12 अप्रैल से बारह दिवसीय समर कैंप का शुभारंभ हुआ। खेलबो सीखबो कूदबो थीम पर आधारित इस कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन भाटापारा के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। समर कैंप की शुरुआत परंपरागत रूप से बच्चों को तिलक लगाकर की गई। पहले दिन बच्चों ने सर्कल एक्टिविटी में भाग लिया, जिसमें अभिनय और बालगीत प्रस्तुत किए गए। इसके बाद ओला ओला बम का गोला जैसे रचनात्मक खेलों का आयोजन हुआ, जिसने बच्चों में उत्साह भर दिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को रचनात्मक गतिविधियों में भी सम्मिलित किया गया, जिनमें हस्तपुस्तिका निर्माण विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। यह समर कैंप बच्चों के सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। विद्यालय परिवार और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सहयोग से यह कार्यक्रम आगामी 12 दिनों तक बच्चों के कौशल विकास सहयोग और रचनात्मक अभिव्यक्ति को बढ़ावा देने के लिए चलाया जाएगा। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रभारी प्रधान पाठक ईश्वर प्रसाद रजक, शिक्षक द्वय गजपति प्रसाद ध्रुव एवं हेम कुमार देवांगन का विशेष योगदान रहा।

---

## साहू समाज भवन का लोकार्पण और मूर्ति स्थापना 15 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी





- पूर्व मंत्री शिवकुमार डहरिया और विधायक संदीप सहित जनप्रतिनिधि होंगे शामिल

तहसील साहू संघ पलारी द्वारा नवनिर्मित भवन के लोकार्पण, भक्त माता कर्मा की मूर्ति स्थापना एवं नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों के सम्मान समारोह का भव्य आयोजन 15 अप्रैल को तहसील साहू संघ पलारी अध्यक्ष रोहित साहू के नेतृत्व में तहसील साहू भवन पलारी में आ यो जि त होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिवकुमार डहरिया पूर्व मंत्री होंगे। प्रमुख अतिथि संदीप साहू विधायक कसडोल होंगे। अध्यक्षता गोपी साहू अध्यक्ष नगर पंचायत पलारी करेंगे। विशिष्ट अतिथि पर सुनील साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ बलौदाबाजार, महेन्द्र साहू जिला पंचायत सदस्य, अंजली साहू जिला पंचायत सदस्य, नंदेश्वर साहू अध्यक्ष नगर पंचायत रोहांसी, गनपतलाल साहू अध्यक्ष साहू समाज दतान परिक्षेत्र, मनहरण लाल साहू अध्यक्ष साहू समाज भवानीपुर परिक्षेत्र, सीताराम साहू अध्यक्ष साहू समाज रोहांसी परिक्षेत्र, पीताम्बर साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत रोहांसी, जामवंतीन साहू जनपद सदस्य पलारी, टेकेश्वरी साहू जनपद सदस्य पलारी, सरोज साहू जनपद सदस्य पलारी, चन्द्रप्रभा साहू जनपद सदस्य पलारी एवं सरपंचगण तहसील पलारी होंगे। कार्यक्रम की जानकारी साहू समाज के मीडिया प्रभारी केशव साहू ने दी है और बड़ी संख्या में लोगों को शामिल होने की अपील की है।

---

## ब्लाक स्तरीय खेल स्पर्धा में 120 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



ग्राम मल्लिन में आयोजित ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता का समापन हुआ। इसमें आस–पास के गांवों से आए 120 से अधिक युवक-युवतियों ने भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं में खेल भावना, फिटनेस और समुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना था।

प्रतियोगिता में फुटबॉल, वॉलीबॉल, कबड्डी, रिले दौड़ जैसे आधुनिक खेलों के साथ–साथ खो–खो और रस्साकशी जैसे पारंपरिक खेलों को भी शामिल किया गया। सभी मुकाबले नॉकआउट प्रणाली के तहत आयोजित किए गए, जिससे खिलाड़ियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना उत्पन्न हुई। नेहरू युवा केन्द्र जिला अधिकारी अर्पित तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि सरपंच रामकली मिर्झा, प्रतिनिधि महेश राम मिर्झा, उद्योराम साहू, छबि राम, लोकनाथ साहू, परसराम साहू, सोहन राम साहू, फागू राम मिर्झा, अहिल्याबाई साहू, बिंदा साहू, प्रेमिन बाई, संपत बाई, हेडमास्टर जितेंद्र कुमार पटेल, सरोज साहू, महेंद्र पटेल, छबिलाल पटेल, रामकुमार, कैलाश फेकर, नकुल निर्मलकर, चंदूराम साहू ग्राम वरिष्ठजन एवं स्कूली बच्चे शामिल थे। सरपंच रामकली मिर्झा द्वारा स्कूल को खेल सामग्री जैसे वॉलीबॉल, डोर, फुटबॉल, बैडमिंटन, चेस, गोला, रिंग आदि सामग्री भेंट की गई। इस आयोजन को नेहरू युवा केंद्र संगठन एनवायकेएस द्वारा सहयोग प्राप्त हुआ, जिन्होंने आयोजन की पूरी व्यवस्था को सुचारू रूप से संपन्न करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह प्रतियोगिता देशभर में एनवायकेएस द्वारा चलाए जा रहे ब्लॉक स्तरीय खेल कार्यक्रमों की श्रृंखला का हिस्सा है।

---

## रामायण समारोह में मानस मंडलियों को दिया गया सांत्वना पुरस्कार



**हिरमी–रावन।** ग्राम देवरतिल्दा में भव्य रामायण समारोह का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन के मुख्य सूत्रधार सुप्रसिद्ध पंडवाणी गायक फूलसिंह कनोजे रहे, जिन्होंने पूरे आयोजन को संयोजित किया और अपनी उपस्थिति से समारोह को गरिमा प्रदान की। फूलसिंह कनोजे के विशेष आमंत्रण पर इस समारोह में मोहरा सरपंच प्रतिनिधि जवाहर वर्मा, समारोह अध्यक्ष दीनबंधु यादव, सनत कुमार वर्मा, पूर्व समिति अध्यक्ष बोधराम वर्मा, कार्तिक राम वर्मा और छत्रधारी वर्मा की उपस्थिति रही। इन सभी अतिथियों ने मंच पर उपस्थित होकर रामायण मंचन में भाग लेने वाली रामायण टोली के सदस्यों को प्रोत्साहित किया और सांत्वना पुरस्कार भेंट कर उनका सम्मान किया। कार्यक्रम में ग्रामवासियों की भारी उपस्थिति देखी गई। रामायण पाठ, भजन, कीर्तन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी को भावविभोर कर दिया। समारोह का वातावरण भक्तिमय और सौहार्दपूर्ण रहा, जिसमें धर्म, संस्कृति और परंपरा का सुंदर समन्वय देखने को मिला। ग्राम के युवा और वरिष्ठ नागरिकों की सहभागिता ने आयोजन को विशेष बना दिया।

---

## शिव वाटिका में हनुमान, शनिदेव की प्राणप्रतिष्ठा हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन





श्री शिववाटिका मोहल्ला समिति रावन में एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दिन ग्राम पुरोहित द्वारा प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। मुन्ना महाराज ने कहा कि भक्ति रूपी सूर्य के उदय से दूर होता हैं अंधकार। शक्ति रूपी सूर्य का उदय होते ही जीवन के सभी अंधकार दूर हो जाते हैं। भक्ति के महत्व को सिद्ध करने के लिए कथा व्यास ने भगवान के अनन्य भक्त ध्रुव की कथा सुनाई और भक्ति से उन्हें मिले जीवन लाभ के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि हम किसी भी उपाय से भगवान से जुड़ जाएं। चाहे मित्र बनाकर अथवा शत्रु बनाकर जुड़ने मात्र से ही भगवान की कृपा प्राप्त हो जाती है। हनुमानजी का विग्रह और शनि देवजी का विग्रह ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्वेद के पूजन के अलावा वैदिक ब्राह्मण का पूजन हुआ। हनुमानजी ने शनि देव की सहायता की और रावण की कैद से उन्हें मुक्त कराया। इससे भगवान शनि देव प्रसन्न हुए और हनुमानजी को वरदान मांगने को कहा। हनुमानजी ने शनि देव से कहा, जो भक्त शनिवार के दिन मेरी पूजा करेगा, आप उसे अशुभ फल नहीं देंगे। शनि देव ने हनुमानजी की बात पर हामी भर दी, यज्ञ में आचार्यगणों द्वारा आहुतियां डाली गईं। विग्रह को आचार्यों द्वारा फल, गंगाजल और पुष्प से पूजन कराया। इस कार्यक्रम के मुख्य यजमान के आर बघेल, ललित मंडल, सियाराम साहू, दिलेश्वर मढरिया आदि मौजूद रहे।

---

## कर्मा जयंती पर मेधावी छात्र हुए सम्मानित



**पलारी।** दतान परिक्षेत्र के ग्राम ससहा में माता कर्मा जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक कलश यात्रा से हुई, जिसमें ग्रामीणजन बड़ी संख्या में भाग लेकर गली–गली भक्ति भाव से भ्रमण करते हुए सभा स्थल तक पहुंचे। सभा स्थल पर उपस्थित समस्त अतिथियों ने माता कर्मा की पूजा–अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर ग्राम के उन मेधावी छात्र–छात्राओं का सम्मान किया गया, जिन्होंने दसवीं और बारहवीं की परीक्षा में 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक अर्जित किए। कार्यक्रम में परिक्षेत्र अध्यक्ष गणपत साहू ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वहीं कार्यकारी अध्यक्ष धन्नू साहू ने छात्र–छात्राओं को बधाई देते हुए आगे भी इसी तरह मेहनत व लगन से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में उपाध्यक्ष चिंताराम साहू, कोषाध्यक्ष प्रीतम साहू, अंकेक्षेक हेमंत साहू, मीडिया प्रभारी हेमकुमार साहू, सहसचिव पनमेश्वर साहू, सरपंच मिथलेश मुकेश साहू,बालाराम साहू, लक्ष्मण साहू, प्रदीप कुमार साहू, छत्रपाल साहू, सुकालो साहू, जनक लाल साहू, राम लखन साहू, कन्हैयालाल साहू, तारून लाल साहू, कल्याणी साहू, ललिता साहू, जगन्नाथ साहू, रामस्वरूप साहू, संतोष साहू, कुंदन लाल साहू, चोवा साहू, प्रेम लाल साहू, रामधार साहू, नारायण प्रसाद साहू, मंगतू साहू, फत्ते साहू, चंद्रकुमार साहू, मुकेश साहू, देवराम साहू, रिंकू साहू सहित सभी ग्रामीणों का योगदान सराहनीय रहा।

---

### कौंवाझर पंचायत सचिव की चल रही मनमानी

**महासमुंद।** ग्राम पंचायत कौंवाझर के सचिव द्वारा हड़ताल अवधि में सुशासन त्योहार एवं पंचायत प्रभार में उपस्थित होने की शिकायत पंचायत पदाधिकारियों ने की है। महासमुंद विकासखंड ग्राम पंचायत कौंवाझर के पंचायत सचिव रोहित कुमार जो कि सचिव संघ में हड़ताल में रहते हुए बिना कार्य के उपस्थित रहकर पंचायत प्रभार जिसे 1 माह पूर्ण शपथ समारोह के दिन देना था, नहीं दिया गया। वह शासन एवं संघ को गुमराह कर रहे हैं। प्रभार सूची में अनेक विसंगति है। 5 वर्ष में पूर्ण किए गए कार्य की राशि का आजपर्यंत भी भुगतान नहीं किया गया है। जिसमें वर्तमान में प्रदाय किया जाना कहकर गुमराह किया जा रहा है। संपूर्ण प्रभार एवं हिसाब ग्राम सभा के समक्ष ही लिए जाने की बात ग्रामवासियों द्वारा कही गई है।

## गांजा तस्करी कर रहे दो लोग गिरफ्तार

**महासमुंद।** ओडिशा से छत्तीसगढ़ गांजा की तस्करी कर रहे दो लोगों को जिले की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1 लाख 20 हजार रुपए कीमत का 8 किलो गांजा जब्त किया है। सिंघोड़ा पुलिस ने बताया कि 12 अप्रैल को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति एक सफेद कलर के महिंद्रा एक्सयूवी 500 कार क्रमांक सीजी 12 एई 0500 में अवैध मनोत्तेजक मादक गांजा रखकर ओडिशा से छत्तीसगढ की ओर आ रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने ग्राम रेहटीखोल में जाकर नाकाबंदी किया कुछ समय बाद मुखबीर के बताए हुलिए के अनुसार एक कार आती दिखाई दी, जो पुलिस को देखकर अपने गाड़ी को तेज गति से भागने लगे, जिन्हें हमराह स्टाफ के द्वारा दौड़कर पकडा गया। पूछताछ में कार में बैठे लोगों ने अपने नाम बसंत कुमार जांगडे पिता विजय कुमार जांगड़े (36 साल) रघुनाथपुर थाना कवर्धा जिला कबीरधाम छत्तीसगढ़ और सुकदेव डिंडोरे पिता राजकुमार डिंडोरे ( 21 साल) मिनीमाता चौक वार्ड नंबर 17 कवर्धा थाना कवर्धा जिला कबीरधाम छत्तीसगढ़ा का निवासी होना बताए। पुलिस ने भागने का कारण पूछा तो आरोपियों ने कार में गांजा होना बताया। कार की तलाशी लेने पर उसमें एक प्लास्टिक बोरी में 8 किलोग्राम मनोत्तेजक अवैध मादक पदार्थ गांजा कीमत 1, 20, 000 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपियों को धारा 20(ख) नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया गया।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### आंबेडकर जयंती पर रैली निकालने तैयारी शुरू

**बलौदाबाजार।** भीमराव अंबेडकर जयंती पर सोमवार को सतनामी समाज द्वारा सुबह 9 बजे अंबेडकर चौक में बाबा साहेब अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। इसके पश्चात मोटर सायकिल रैली निकालकर कलेक्टोरेट परिसर स्थित बाबा साहेब की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण किया जावेगा। उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक आरके पात्रे ने बताया कि रैली समापन के पश्चात नयनदास महिला स्मृत स्थल में विचार संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन भी रखा गया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सुदर्शन कुर्रे, सुमिता रानी कुर्रे विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### सकरी में रामलीला मंचन का भव्य आयोजन



**पलारी।** सकरी प में आदर्श रामलीला का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें उत्तरप्रदेश से विशेष रूप से आए नाटककारों ने श्रीराम के जीवन प्रसंगों का मंचन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष धन्नू साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने श्रीरामचंद्रजी की पूजा–अर्चना कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की। इस अवसर पर धन्नू साहू ने कहा कि रामलीला जैसे धार्मिक आयोजनों से समाज में भक्ति भावना का विकास होता है और नई पीढ़ी को श्रीराम के आदर्श चरित्र से प्रेरणा मिलती है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों की उपस्थिति रही और भक्तिमय माहौल में रामलीला का मंचन संपन्न हुआ।

### मोबाइल नंबर को ब्लैक लिस्टेड किया तो पीटा



**महासमुंद।** मोबाइल नंबर के ब्लैक लिस्टेड होने के बाद एक व्यक्ति द्वारा महिला के साथ उसके घर घुसकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। पुलिस को वार्ड नं 2 इमलीभाठा निवासी महिला ने बताया कि बीते डेढ़ वर्ष से गुल्लू निवासी हेम प्रकाश ढीढी से मेरी सोशल मीडिया से जान पहचान हुई थी और मोबाइल से आपस में बातचीत करते थे। लेकिन, प्रार्थिया ने कुछ दिनों से बातचीत करना बंद कर दी तथा आरोपी के मोबाईल नंबर को ब्लैक लिस्टेड कर दिया था। लेकिन, आरोपी अन्य नंबर से फोन करता था, जब उसने फोन करने के लिए मना किया तो आरोपी हेम प्रकाश ढीढी 9 अप्रैल की शाम करीब 5 बजे उसके घर पहुंचा और मेरे साथ बातचीत नहीं करती हो, मेरा नंबर को ब्लैक लिस्ट में डाल दी हो कहते हुए गाली गलौज कर हाथ मुक्का व चप्पल से मारपीट करने लगा। मामले में रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

## हनुमान जन्मोत्सव : शोभायात्रा में थिरके श्रद्धालु

# मंदिरों में गूंजा हनुमान चालीसा पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन



ग्राम मोहरा में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम और श्रद्धा से मनाया गया। श्रीराम भक्त परिवार के तत्वावधान में ग्राम के गुड्डी चौक एवं मिलपारा स्थित हनुमान मंदिरों में विधिवत पूजा–अर्चना और विशेष अनुष्ठान किए गए। धार्मिक अनुष्ठान के पश्चात एक भव्य और विशाल रैली का आयोजन किया गया, जिसमे समस्त ग्रामवासियों का ध्यान आकर्षित किया। यह भव्य रैली गुड्डी चौक से प्रारंभ होकर मिलपारा स्थित रामायण स्थल, शारदा चौक होते हुए विभिन्न गलियों का भ्रमण करते हुए निकाली गई। रैली के दौरान डीजे की मधुर और ऊर्जावान धुनों पर श्रद्धालु भक्तों ने जमकर नृत्य किया और जय श्रीराम एवं जय हनुमान के गगनभेदी नारों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। हर गली और चौक पर स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर रैली का स्वागत किया, जिससे उत्सव का उल्लास और भी बढ़ गया। रैली में बच्चे, युवा एवं वृद्ध सभी वर्ग के लोग उत्साह के साथ शामिल हुए। भक्तों ने भगवा वस्त्र धारण कर हाथों में ध्वज लिए हुए अपने आराध्य हनुमानजी के प्रति आस्था और भक्ति को प्रकट किए। रैली में जगह–जगह भक्तों के लिए जलपान और प्रसाद की व्यवस्था भी की गई थी। इस आयोजन से ग्रामवासियों में आपसी भाईचारा, सौहार्द और धार्मिक एकता की भावना प्रबल होती नजर आई। संपूर्ण कार्यक्रम में ग्रामीणों की सहभागिता सराहनीय रही, जिसने यह सिद्ध कर दिया कि धर्म और आस्था के ऐसे पर्व लोगों को एक सूत्र में बांधते हैं।

## हनुमान प्रकटोत्सव पर पवनी में निकाली शोभायात्रा

**पवनी।** नगर पंचायत में श्री बजरंग सेवा समिति के तत्वावधान में हनुमान प्रकटोत्सव पर हनुमान मंदिर से शोभायात्रा निकालकर बस स्टैंड, बाजार चौक, एम पी बजरंग चौक, आजाद चौक, संतोष चौक, यादव चौक, बजरंग चौक, राधा कृष्ण मंदिर चौक होते हुए हनुमान मंदिर में समाप्त हुई। शोभायात्रा में नगर की महिला पुरूष एवं युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। डीजे की धुन पर लोग थिरकते रहे। जय जय श्रीराम के नारों से आसमान गुंजायमान होता रहा। हनुमान जन्मोत्सव के अवसर तीन दिवसीय भव्य मेला एवं रामायणगायन प्रतियोगिता चल रही है, जिसका समापन आज होगा। रामायण गायन प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार 11111 रुपये पवनी ब्रायलर ग्रुप द्वारा, द्वितीय पुरुस्कार 7111 रुपये गणेश किराना स्टोर्स पार्षद वार्ड क्रमांक 5 द्वारा, तृतीय पुरुस्कार 5111 रुपये श्यामू साहू मंत्री भाजपा युवा मोर्चा द्वारा, चतुर्थ पुरुस्कार 3111 रुपये मयंक कुमार द्वारा, पंचम पुरुस्कार 2111 रुपये हरीश साहू एलआईसी अभिकर्ता द्वारा प्रदान किया जाएगा। वहीं आज उपस्थित प्रत्येक टीम को 1100 रुपये सांत्वना पुरुस्कार प्रदान किया जाएगा। इस अवसर पर विशाल मेला लगा हुआ है, जिसमें नगर पवनी सहित आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ मेला स्थल पर रही। मेला में झूला आकर्षण का केन्द्र रहा। बता दें कि श्री बजरंग सेवा समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष श्री हनुमान प्रकटोत्सव धूम धाम से मनाया जाता है। आज हनुमान मंदिर में विशेष पूजा अर्चना कर प्रसाद वितरण और भंडारा का आयोजन किया गया।



## हनुमान जन्मोत्सव पर जगह-जगह हुआ प्रसादी व भंडारा वितरण



**अर्जुनी।** ग्राम अर्जुनी में हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर प्रसादी वितरण की गई। बाजार चौक में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें अधिक संख्या में ग्रामीणजन पहुंचकर प्रसादी ग्रहण किए। मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर बस स्टैंड महालक्ष्मी हार्डवेयर स्थित हनुमान मंदिर, रिसिक फ्यूल्स हनुमान मंदिर, गांधी चौक स्थित हनुमान मंदिर सहित अनेक जगहों पर प्रसादी वितरण व भंडारा का आयोजन रहा। इस आयोजन में सोनू नागदेव, दया वर्मा, त्रिलोक यादव, प्रतिनिधि जनपद सदस्य रंजीत विश्वकर्मा, रोम साहू, सचिन ध्रुव, भुवनेश्वर ठाकुर, मालिक राम साहू, छेदुराम साहू, रूपेश साहू, पप्पू साहू, चंद्रिका प्रसाद शर्मा, प्रेमचंद वर्मा, राजू रजक, रमाकांत वैष्णव एवं समस्त सहयोगीगण थे।

## हनुमानजी है सेवा, शक्ति और समर्पण के प्रतीक

**कटगी।** आदर्श ग्राम पंचायत कटगी में हनुमान जयंती पर धार्मिक श्रद्धा और उत्साह के साथ अनेक आयोजन हुएए। थवाईत परिवार ने अपने घर में प्रतिष्ठित प्रभु हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया। प्रसाद वितरण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने भाग लिया। बजरंग बली के जयकारों और भक्ति संगीत से माहौल पूरी तरह भक्तिमय रहा। कार्यक्रम के दौरान थवाईत ने सभी श्रद्धालुओं को हनुमान जयंती की शुभकामनाएं दीं। नेत्री खिलेश्वरी थवाईत ने कहा कि हनुमानजी सेवा, शक्ति और समर्पण के प्रतीक हैं। उनकी पूजा से जीवन में नई ऊर्जा और साहस प्राप्त होता है। आज के इस पावन दिन पर भक्तों की सेवा कर आत्मिक सुख की अनुभूति हो रही है। स्थानीय लोगों ने इस आयोजन की सराहना की और थवाईत परिवार के सेवा भाव की प्रशंसा करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया।



## धरना स्थल पर पंचायत सचिवों ने मनायी हनुमान जयंती



**खरोरा।** शासकीयकरण की मांग को लेकर आंदोलन में बैठे पंचायत सचिवों की मांग पर राज्य सरकार की ओर से किसी तरह पहल नहीं होने से अब पंचायत सचिव संगठन आंदोलन को और उग्र करने की तैयारी में है। सरकार को जगाने नगाड़ा बजाया गया। पंचायत सचिव 6 अप्रैल तक जनपद स्तर पर हड़ताल किए, साथ ही 7 अप्रैल को जिला स्तर पर रैली निकाल कर प्रधानमंत्री के नाम से ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा गया। इस संबंध में ब्लॉक पंचायत सचिव संघ तिल्दा नेवरा जिला रायपुर के ब्लॉक अध्यक्ष अध्यक्ष भरत लाल वर्मा, संगठन सचिव एवं रायपुर जिला मीडिया प्रभारी कोमल प्रसाद साहू , प्रदेश मीडिया प्रभारी चिंतामणी साहू ने बताया कि मोदी की गारंटी होने के बाद भी पंचायत सचिव की एकमात्र मांग शासकीयकरण को 1 साल गुजर जाने के बाद भी पूरा नहीं की जा रही है। पंचायत सचिव करीब माहभर से आंदोलन कर रहे हैं, इसके बावजूद उनकी मांगों को सरकार लगातार अनसुना कर रही है। ऐसे में शासन प्रशासन को जगाने अब चरणबद्ध आंदोलन किया जा रहा है। इसके बावजूद भी मांगें पूरी नहीं हुई तो प्रदेश पंचायत सचिव संघ के आव्हान पर अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। 12 अप्रैल को सरकार की सदबुद्धि के लिए हनुमान जयंती पर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इसके बाद 14 अप्रैल को धरना स्थल पर बाबा अंबेडकर की जयंती मनाएंगे। संघ ने कहा जब तक शासकीय करण का आदेश प्रसारित नहीं होगा हड़ताल जारी रहेगी। पंचायत सचिव अपने शासकीय करण को लेकर लगातार धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

## जयंती पर हुआ हनुमान चालीसा पाठ और गूंजे जयश्री राम के नारे

- हनुमान जन्मोत्सव अंचल में धूमधाम से मनाया गया

**सुहेला।** हनुमान जयंती पर ग्राम में आस्था और श्रद्धा का अनोखा संगम देखने को मिला। गांव के विभिन्न थानों और मंदिरों में भगवान हनुमानजी की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। मंदिरों को फूल-मालाओं, रंग-बिरंगी झालरों और दीपों से आकर्षक रूप से सजाया गया। भक्ति रस से सराबोर यह आयोजन पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण लेकर आया।

गांव के प्रमुख स्थलों जैसे महामाया चौक, बर्फानी धाम हनुमान मंदिर समेत अन्य स्थानों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। बर्फानी धाम में युवाओं द्वारा प्रातः 9.30 बजे से संध्या तक हनुमान चालीसा का 108 बार पाठ किया गया। यह साधना लगभग 9 से 10 घंटे तक चला, जिसमें गांव के युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने पूरी श्रद्धा से भाग लिया। महामाया चौक में युवाओं द्वारा 11 बार हनुमान चालीसा पाठ बजरंग बाण आरती की गई।

गांव में अलग-अलग स्थानों से हनुमा जी की डोलियां सजाई गईं, जिनके साथ-साथ भक्तों द्वारा श्री हनुमान चालीसा, राम स्तुति, बजरंग बाण जैसे भजन व पाठ किए गए। चारों ओर जय श्री राम और बजरंगबली की जय के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया।

कार्यक्रम के अंत में आरती कर के सभी स्थानों पर महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान बेसन के लड्डू, चूरमा, फल, पंचमेवा और जल प्रसाद के रूप में वितरित किया गया। श्रद्धालुओं ने अपनी श्रद्धा के अनुसार भगवान को वस्त्र, फूल, नारियल और सिंदूर अर्पित कर आशीर्वाद लिया।





हनुमान जन्मोत्सव के इस पावन अवसर ने ग्रामीणों के दिलों में एक नई ऊर्जा और भक्ति भाव का संचार किया। जय श्री राम के गगनभेदी नारों से गूंज उठा सारा ग्राम – यह दिन हमेशा गांव की स्मृतियों में एक पवित्र उत्सव के रूप में अंकित रहेगा।

### नगर के मंदिरों में की गई विशेष पूजा-अर्चना

**खरोरा।** हनुमान जन्म उत्सव पर नगर के मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की गई। शास्त्रों के अनुसार शनिवार को दिन हनुमानजी को समर्पित माना गया है। शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव के दिन का महत्व और बढ़ गया है। हनुमानजी ब्रह्मचारी के रूप में पूजे जाते हैं। शास्त्रों के अनुसार चैत्र की पूर्णिमा पर भगवान श्रीराम की वि निःस्वार्थ सेवा के उद्देश्य से भगवान भोलेनाथ के 11 के रूप में में हनुमान का जन्म हुआ। शंकर का शिवालय जिस तरह बिना नंदी के नहीं होता, उसी तरह श्री राम के देवालय की पूर्णता हनुमान की मूर्ति के बिना नहीं होती है। नगर सहित पर ग्रामीण अंचलों में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई। इस अवसर पर नगर सुबह राम भक्त हनुमान का विधि विधान से पूजन पाठ के बाद आरती की गई। इसके बाद विशाल भंडारा शुरू हुआ। प्रसाद ग्रहण करने भारी भीड़ उमड़ी लोग कतारबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किए। पं. धनंजय शर्मा ने बताया कि इस वर्ष 12 अप्रैल को हनुमानजी का जन्म उत्सव पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। हनुमान जी के जन्मोत्सव का अच्छा योग संयोग बना हुआ है। इस दिन चमेली के तेल का दीपक जलाना, पीपल के पत्ते पर राम लिखकर एवं फल मिठाई, जनेऊ, सुंदरकांड, हनुमान चालीसा पाठ करने से सुख समृद्धि की प्राप्ति होगी।



### जिलाधीश ने युवाओं को कैरियर गाइडेन्स के लिए दिए टिप्स

# कॉलेज के छात्रों ने किया कलेक्टोरेट का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



शासकीय महाविद्यालय लवन के छात्र–छात्राओं ने शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय बलौदाबाजार का शैक्षणिक भ्रमण कर जिला प्रशासन के कार्य प्रणाली से रूबरू हुए। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक सोनी से छात्रों की विशेष मुलाकात हुई, जहां उन्होंने विद्यार्थियों को कैरियर गाइडेंस के तहत कई महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की। छात्र–छात्राओं ने भ्रमण के दौरान जिला प्रशासन द्वारा ग्रामीण स्तर तक शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की प्रक्रिया को नजदीक से देखा और समझा। यह अनुभव विद्यार्थियों के लिए बेहद प्रेरणादायक और ज्ञानवर्धक साबित होगा।

कलेक्टर ने सभी विद्यार्थियों को नवप्रेरणा निःशुल्क कोचिंग से ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर अध्ययन करने की सलाह दी और सभी विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन हेतु प्रोत्साहित किया। इस शैक्षणिक भ्रमण ने विद्यार्थियों को प्रशासनिक कार्यप्रणाली की जानकारी देने के साथ–साथ उनके कैरियर निर्माण में मार्गदर्शन प्रदान किया। सभी छात्र –छात्राओं ने संपर्क केंद्र, एनआईसी कक्ष सहित सभी प्रमुख विभागों का भ्रमण किया। जिला जनसंपर्क कार्यालय के भ्रमण के दौरान सभी छात्र छात्राओं को जनसंपर्क विभाग के कार्य से अवगत कराते हुए विभाग की मासिक पत्रिका जनमन का वितरण किया गया। इस दौरान लवन महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक अजय मिश्रा उपस्थित थे।

**आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा 15 अप्रैल से: धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में अध्ययनरत बीए, बी.कॉम, बीएससी द्वितीय सेमेस्टर के नियमित एवं स्वाध्यायी छात्राओं तथा एमए, एमएससी, पीजीडीसीए द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं की प्रथम सतत आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा 15 से 24 अप्रैल तक आयोजित की गई है।

